# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
(पूर्व नाम जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर)

क्रमांक / मु.स. / दी.प्र. / 2023 / 118 जबलपुर, दिनांकः 22.9.23

## अधिसूचना

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आगामी दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को आयोजित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में वर्ष 2020 की मुख्य परीक्षाओं के स्वर्ण पदक धारकों को पदक वितरण हेतु पंजीयन की प्रक्रिया दिनांक 25 से 30 सितम्बर, 2023 तक विश्वविद्यालय के अकादमिक शाखा में सम्पादित की जायेगी। पात्र स्वर्ण पदक धारक स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि में अपना पंजीयन अनिवार्यतः करायें। इस हेतु दिनांक 30 सितम्बर, 2023 को (शनिवार अवकाश) के दिन कार्यालय खुला रहेगा।

उक्त अवधि के पश्चात् स्वर्ण पदक धारकों को पदक वितरण हेतु दीक्षांत समारोह में सम्मिलित करना संभव नहीं होगा।

**पंजीयन हेतु निम्नांकित प्रपत्र साथ में अवश्य लेकर आयें:–**

1. स्वर्ण पदक प्राप्त करने संबंधी आवेदन पत्र (इस अधिसूचना के साथ संलग्न) जिसमें स्वर्ण पदक धारक का नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में स्पष्ट लिखा हो।
2. संबंधित अंकतालिकाओं की प्रमाणित छायाप्रति।
3. स्वप्रमाणित दो नवीनतम छायाचित्र।
4. स्वर्णपदक पंजीयन शुल्क के रूप में रू. 400/– (चार सौ) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो कि कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के नाम देय हो) अथवा बैंक चालान के माध्यम से रू. 400/– नगद जमा कर रसीद आवेदन के साथ संलग्न करें।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु श्री प्रेम पुरोहित (मोबाइल नं. 9926660391) एवं श्री अविनाश पाठक (मोबाइल नं. 9827397265) दीक्षांत प्रकोष्ठ से संपर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार,

**कुलसचिव**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क्र / मु.स. / दी.प्र. / 2023 / 118 जबलपुर, दिनांकः 22.9.23

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :–**

1. मुख्य समन्वयक/कुलसचिव जी के निज सहायक, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
2. कुलपति जी/कुलसचिव जी के निज सहायक, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र, रा.दु.वि.वि., जबलपुर को इस निवेदन के साथ कि वह अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कृपया अविलंब अपलोड करें।
4. जबलपुर नगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के समस्त संचालकगण को इस निवेदन के साथ कि उक्त समाचार को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र/न्यूज चैनल में छात्रहित में प्रकाशित/प्रसारित करने का कष्ट करें।

**उपकुलसचिव (परीक्षा)**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

## 35वाँ दीक्षांत समारोह

## स्वर्ण पदक पंजीयन हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

**कुलसचिव,**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर।

**विषयः विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक हेतु पंजीयन करने के संबंध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना क्रमांक/स्था./2023/118 दिनांक 22.09.2023 के अनुसार आगामी दिनांक 05.10.2023 को आयोजित 35वें दीक्षांत समारोह में मैं स्वयं उपस्थित होकर स्वर्ण पदक प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं जिसके लिये मेरे द्वारा निर्धारित राशि जमा रू. 400/– कर दी गई है।

कृपया स्वर्ण पदक धारक के रूप में पंजीयन करने की कार्यवाही करें, मेरा विवरण इस प्रकार हैः–

1. नाम हिन्दी में :–

   अंग्रेजी में :–

2. परीक्षा का नाम एवं वर्ष :–

3. स्वर्ण पदक का नाम :–

**संलग्नः–**

1. अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रति।
2. वि.वि. में जमा राशि रू. 400/– का चालान/ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक
3. दो छायाचित्र प्रमाणित कराकर।

| यहाँ स्वप्रमाणित छाया चित्र चस्पा करें। | यहाँ स्वप्रमाणित छाया चित्र चस्पा करें। |
|---|---|

प्रार्थी के हस्ताक्षर :

नाम : ....................................................................

पता : ....................................................................

....................................................................

मोबाइल नं.: ..............................................................